# गौतम बुद्ध के विचार प्रासंगिक-मोदी

## प्रधानमंत्री ने 133वें एपिसोड में सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम सहित कई मुद्दों पर बात की

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 133वें एपिसोड में देश और दुनिया से जुड़े कई अहम विषयों पर चर्चा की.**

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण से देश का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को छू रहा है.उन्होंने इसे राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि यह उपलब्धियां भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिला रही हैं. मोदी ने सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम सहित कई मुद्दों पर बात की. पीएम मोदी ने कहा कि मैं उन सभी को बधाई देता हूं, जिन्होंने, भारत के परमाणु कार्यक्रम में अपना अमूल्य योगदान दिया है.पश्चिम एशिया संकट के दौरान कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की उत्पादन और आपूर्ति दोनों प्रभावित हुई है. इसने ऊर्जा के शुद्ध आयातक के रूप में भारत को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकल्प तलाशने के लिए प्रेरित किया है.

श्री मोदी ने कहा कि आज पवन-शक्ति देश के विकास की नयी कहानी लिख रही है. भारत ने हाल ही में पवन-ऊर्जा में बड़ी



उपलब्धि हासिल की है. अब देश की पवन ऊर्जा क्षमता 56 गीगावाट से अधिक हो चुकी है. पिछले एक साल में करीब छह गीगावाट नयी क्षमता जुड़ी है. भारत पवन ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया में चौथे स्थान पर है.वर्तमान वैश्विक तनाव के बीच भगवान गौतम बुद्ध के विचारों को और अधिक प्रासंगिक बताया और शांति, करुणा व संतुलन का संदेश अपनाने की अपील की. साथ ही गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के ग्रामोन्मुख विकास, पूर्वोत्तर में बांस उद्योग की प्रगति, गणित ओलंपियाड में बेटियों की उपलब्धि और जनगणना 2027 में डिजिटल भागीदारी को लेकर भी देशवासियों को प्रेरित किया.बताया कि दक्षिण अमेरिका के चिली में एक संस्था भगवान बुद्ध के विचारों को आगे बढ़ा रही है, जो लद्दाख में जन्मे ड्रबपोन ओत्जर रिनपोचे के मार्गदर्शन में काम कर रही है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोगों से जनगणना 2027 में डिजिटल भागीदारी कर इसे सफल बनाने की अपील की.श्री मोदी ने कहा कि जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है, सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है.जनगणना के लिए घर-घर जाने वाले कर्मचारी लोगों से बात करते मोबाइल ऐप में सारी जानकारी दर्ज करेंगे.

# टीमवर्क का भाव सबसे बड़ी ताकत -योगी

▸ बेटियों ने जिस तरह समर्पण परिचय दिया है सहरानीय

**लखनऊ, 26 अप्रैल. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरक्षी प्रशिक्षण के दौरान बेटियों ने जिस मजबूती, तत्परता, समर्पण व अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है. अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत है.**

इन सबको समाहित करते हुए देश के लिए सर्वोत्कृष्ट योगदान देने की भावना वर्दीधारी बल का सबसे महत्वपूर्ण अंग होती है। प्रशिक्षण में जितना पसीना बहेगा, बाद के जीवन में उतना ही कम खून बहाने की नौबत आती है.योगी रविवार टे, खपड़ैल




व टीनशेड के होते थे, लेकिन अब 55 जनपदों में पुलिस कार्मिकों के बैरक व आवासीय सुविधा के हाईराइज भवन दिखाई देते हैं. प्रशिक्षण केंद्र उत्कृष्ट हो रहे हैं. हर प्रशिक्षु को आधारभूत प्रशिक्षण देने के साथ ही व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया गया. यूपी पुलिस ट्रेनिंग पोर्टल भी लांच किया गया. शारीरिक प्रशिक्षण को वैज्ञानिक व आधुनिक बनाने के लिए स्मार्ट पीटी प्रोग्राम लागू किया गया.

> अब आप सबको जनपदों की फील्ड ड्यूटी में जाना है. याद रखिए, कानून अपराधी के लिए जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए. उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी आरक्षी प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान, कौशल व मूल्यों का उपयोग करते हुए निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्य परायणता से यूपी पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे. उन्होने कहा कि आज प्रदेश के 10 पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों, 73 जनपदों की पुलिस लाइंस, 29 पीएसी बटालियनों, 112 रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटरों में एक साथ आरक्षी दीक्षांत परेड आयोजित की जा रही है.

### नहीं रहे प्रख्यात फोटोग्राफर रघु राय

**नई दिल्ली 26 अप्रैल.** भोपाल



गैस त्रासदी की तस्वीरें क्लिक कर दुनिया का का ध्यान आकर्षित करने वाले प्रख्यात फोटोग्राफर एवं फोटो पत्रकार रघु राय का रविवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया. वह 83 साल के थे. श्री राय के पुत्र एवं फोटोग्राफर नितिन राय ने बताया कि उनके पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी. फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया था.

# देबदीप के हत्यारे हों गिरफ्तार-राहुल

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं**



**लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है और आरोप लगाया है कि उसके लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या की है.**

श्री गांधी ने रविवार को देबदीप की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की और कहा कि कांग्रेस हिंसा पर भरोसा नहीं करती और अहिंसा के सिद्धांत को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकना नहीं जानती है. श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की तृणमूल से जुड़े गुंडों द्वारा की गयी हत्या बेहद निंदनीय है. शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं. पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, तृणमूल का गुंडा राज चल रहा है.

### आज का इतिहास

1526–बाबर दिल्ली का सुलतान बना.

1606 –शहजादा खुसरो को बादशाह जहांगीर ने गिरफ्तार किया.

1662 – नीदरलैंड ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए.

1748– मुगल बादशाह मोहम्मद शाह का निधन.

1942– अमेरिका के ओकलाहोमा प्रांत में आए तूफान के कारण 100 लोग मारे गए,

1960 –नई दिल्ली में नेशनल डिफेंस कॉलेज की शुरूआत.

1967 – अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया.

# पंजाब सरकार ने हरभजन से छिनी सुरक्षा

## पंजाब सरकार ने राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह की सिक्योरिटी वापस ली

**चंडीगढ़, 26 अप्रैल. पंजाब की सियासत में इन दिनों जो घटनाक्रम देखने को मिल रहा है. राज्यसभा सांसद और पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह को लेकर उठ रही अटकलों ने माहौल को और भी गरमा दिया है.**

पंजाब सरकार द्वारा उनकी सुरक्षा वापस लेने के फैसले ने इन चर्चाओं को और बल दिया है. हरभजन सिंह को पहले जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्राप्त थी, लेकिन अब इसे हटा लिया गया है. इसी तरह का कदम इससे पहले राघव चड्ढा के मामले में भी देखा



गया था, जिन्हें बाद में केंद्र सरकार की ओर से सुरक्षा दी गई. ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि हरभजन सिंह को भी जल्द ही केंद्र से सुरक्षा मिल सकती है. इस पूरे मामले में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब राघव चड्ढा ने यह दावा किया कि आम आदमी पार्टी के सात सांसद भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यक दस्तावेज और हस्ताक्षर पहले ही संबंधित अधिकारियों को सौंपे जा चुके हैं. इस बयान के बाद सियासी हलकों में हलचल और तेज हो गई. हालांकि, हरभजन सिंह की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिससे स्थिति और अधिक रहस्यमय बनी हुई है. उनके समर्थक और विरोधी दोनों ही इस मुद्दे पर अपने-अपने तरीके से प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

### अंतरराज्यीय तस्कर नेटवर्क का हुआ पदार्फाश

**ग्रेटर नोएडा 26 अप्रैल.** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर अवैध शराब तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश किया है. आरोपी के पास से लाखों रुपये की अवैध शराब बरामद की गयी है. पुलिस ने रविवार को बताया कि गत शनिवार को पुलिस और आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली कि हरियाणा से अवैध शराब की एक बड़ी खेप ट्रक के माध्यम से क्षेत्र में लाई जा रही है. सूचना के आधार पर टीम ने इलाके में घेराबंदी कर जांच अभियान चलाया.

# पवन खेड़ा पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली, 26 अप्रैल . कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है. यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा की दर्ज कराई गई एक प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें खेड़ा पर उनके खिलाफ कई पासपोर्ट रखने के आरोप लगाने का मामला दर्ज है.**

खेड़ा ने रविवार को शीर्ष अदालत में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की.

इससे पहले, गत 10 अप्रैल को तेलंगाना उच्च न्यायालय ने खेड़ा को एक सप्ताह की ट्रांजिट





अग्रिम जमानत देते हुए और उन्हें संबंधित अदालत में जाने की अनुमति दी . यह याचिका हैदराबाद में दायर की गई थी, जहां खेड़ा का निवास बताया गया था. इसके बाद, असम पुलिस ने इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी और तब इस जमानत पर रोक लग गयी. गत 17 अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने खेड़ा की उस याचिका को भी खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर उच्चतम न्यायालय की लगी गई रोक को हटाने की मांग की थी. कांग्रेस नेता ने दावा किया था कि असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास तीन पासपोर्ट हैं.

### रिया चक्रवर्ती को बड़ी राहत, खाते अनफ्रीज

**मुंबई, 26 अप्रैल.** सुशांत सिंह राजपूत केस से जुड़े ड्रग्स मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को बड़ी कानूनी राहत मिली है. मुंबई के विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने रिया, उनके भाई शौविक चक्रवर्ती और उनकी मां संध्या चक्रवर्ती के फ्रीज किए गए बैंक खातों को अनफ्रीज करने का आदेश दिया है. यह फैसला उनके लिए लंबे समय से चल रही वित्तीय और कानूनी अड़चनों में महत्वपूर्ण राहत माना जा रहा है. ये बैंक खाते वर्ष 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले की जांच के दौरान फ्रीज किए गए थे. हालांकि कोर्ट ने पाया कि जांच एजेंसी एनसीबी ने खातों को फ्रीज करते समय कानूनी प्रक्रिया का पालन सही तरीके से नहीं किया.

# जयपुर राजपरिवार का 'स्मार्टफोन' लंदन में होगा नीलाम

**लंदन/जयपुर, 26 अप्रैल. जयपुर के शाही संग्रह की सबसे बेशकीमती वैज्ञानिक विरासतों में से एक 17वीं शताब्दी का एक विशाल एस्ट्रोलेब (खगोलीय गणना यंत्र) आगामी 29 अप्रैल को लंदन के सोथबी नीलामी घर में वैश्विक बोली के लिए तैयार है.**

पीतल से बने इस अद्भुत यंत्र को विशेषज्ञ अपनी बहुमुखी क्षमताओं के कारण उस दौर का सुपरकंप्यूटर और प्राचीन स्मार्टफोन करार दे रहे हैं. सोथबी के इस्लामिक एंड इंडियन आर्ट विभाग के प्रमुख बेनेडिक्ट कार्टर ने इस यंत्र को अब तक का सबसे विशाल और दुर्लभ खगोलीय उपकरण बताया है. इसकी ऐतिहासिक जड़ें जयपुर के पूर्व महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय के निजी संग्रह से जुड़ी हैं.महाराजा के निधन के बाद यह उनकी पत्नी और विश्वप्रसिद्ध महारानी गायत्री देवी के पास रहा, जहां से यह कालांतर में एक निजी संग्रह का हिस्सा बन गया. अब पहली बार इसे सार्वजनिक मंच पर प्रदर्शित और नीलाम किया जा रहा है।तकनीकी और वैज्ञानिक दृष्टि से यह यंत्र अपने समय की कला का शिखर है. इसका वजन 8.2 किलोग्राम और ऊंचाई लगभग 46 सेंटीमीटर है, जो सामान्य एस्ट्रोलेब की तुलना में चार गुना बड़ा है.

# महिलाओं को हर महीने मिलेगें तीन हजार

## बंगाल में बीजेपी सरकार बनी तो सिंडिकेट राज खत्म हो जाएगा -अमित शाह

**तेहट्टा, 26 अप्रैल. पश्चिम बंगाल के तेहट्टा में आयोजित एक चुनावी जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण के बाद राज्य में राजनीतिक माहौल पूरी तरह बदल चुका है और भाजपा को स्पष्ट बढ़त मिल रही है.**

अमित शाह ने कहा कि जिन सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें बड़ी संख्या में भाजपा जीत दर्ज कर रही है और जनता इस बार बदलाव के मूड में है. उन्होंने विश्वास जताया कि दूसरे चरण के बाद भाजपा राज्य में सरकार बनाएगी.शाह ने अपने भाषण में न केवल टीएमसी सरकार की आलोचना की, बल्कि महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए कई बड़े वादे भी किए. उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में 'सिंडिकेट राज' पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा और



कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा. अमित शाह ने कहा कि पहले चरण में जिन 152 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें से 110 सीटों पर भाजपा बढ़त बनाए हुए है. उन्होंने भरोसा जताया कि दूसरे चरण के मतदान के बाद भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य की हर महिला के खाते में हर महीने 3,000 रुपये भेजे जाएंगे. इसके अलावा बेरोजगार युवाओं को भी 3,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे. गर्भवती महिलाओं के लिए 21,000 रुपये की सहायता देने का भी वादा किया गया.

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव

### राष्ट्रवाद की धारा को गंगासागर तक पहुंचाएगे



कोलकाता, 26 अप्रैल. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने रविवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने संस्थागत भ्रष्टाचार, अपराधियों के बढ़ते बोलबाले और तुष्टीकरण की राजनीति को राज्य के पिछड़ने की बड़ी वजह बताया. राष्ट्रवाद और विकास की धारा अब कोई इसे गंगासागर तक पहुंचने से नहीं रोक सकता. उन्होंने कहा कि इन कारणों से पश्चिम बंगाल में डर का माहौल बना है और जनता अब भारतीय जनता पार्टी की ओर रुख कर रही है. त्रिवेदी ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी. उन्होंने कहा कि कभी कोलकाता विकास और रोजगार का केंद्र था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है. केंद्र सरकार की मुद्रा, उज्ज्वला, स्वच्छता और आवास योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दिया.

त्रिवेदी ने ममता बनर्जी सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उदासीनता का आरोप भी लगाया. साथ ही, टीएमसी के घोषणापत्र के नाम और भाषा को लेकर भी सवाल उठाए. भाजपा सांसद ने वादा किया कि यदि पार्टी सत्ता में आती है तो रोजगार, उद्योग और महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी.


### दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल सीईओ नियुक्त हुए जमुआर

**नई दिल्ली 26 अप्रैल.** दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लिमिटेड (डीएमआईएल) के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में श्री संजय जमुआर की नियुक्ति की गयी है.गौरतलब है कि इस कंपनी को दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने सरकार के सहयोग से स्थापित किया है, ताकि दिल्ली के बाहर भारत में और विदेशों में मेट्रो परियोजनाओं के संचालन और रखरखाव के कार्यों को पूरा किया जा सके. डीएमआईएल की ओर से रविवार को जारी श्री जमुआर को यह दायित्व इसलिए सौंपा गया है, ताकि वे मेट्रो के विकास, सुधार और उनके लिए दीर्घकालिक योजनाएं तैयार करने में सहायता प्राप्त कर सकें.

# उपराष्ट्रपति को याचिका सौंपकर 7 सांसदों पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल. आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन को याचिका सौंपकर भाजपा में शामिल हुए सात राज्यसभा सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि इन सदस्यों का पार्टी छोड़ना दलबदल विरोधी कानून का स्पष्ट उल्लंघन है और इस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए.**

संजय सिंह के अनुसार, आम आदमी पार्टी ने इस मामले में संवैधानिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता



कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचारी सहित कई विशेषज्ञों से सलाह ली है. पार्टी का कहना है कि कानून के तहत दल बदलने वाले सांसदों को अयोग्य ठहराया जाना चाहिए. गौरतलब है कि आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता ने हाल ही में भाजपा का दामन थाम लिया है.

### बुलंदशहर में गोलीबारी की तीन की मौत

**बुलंदशहर,** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के खुर्जा क्षेत्र में बीती देर रात एक बर्थडे पार्टी के दौरान केक चेहरे पर लगाने को लेकर हुए विवाद ने तिहरे हत्याकांड का रूप ले लिया। गोलीबारी की इस घटना में तीन युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 10:30 बजे खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में जीतू नामक युवक की बर्थडे पार्टी चल रही थी.

### भाजपा बंगाल की अस्मिता पर हमला कर रही : केजरीवाल

**कोलकाता, 26 अप्रैल. कोलकाता में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल की अस्मिता और लोकतंत्र पर हमला कर रही है.** अपने संबोधन में केजरीवाल ने कहा कि बंगाल की अस्मिता पर हमला हो रहा है. भाजपा केवल गंदी राजनीति कर रही है। उन्होंने बंगाल पर हमला किया है. उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान चुनाव पूरी तरह से एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के मुद्दे के इर्द-गिर्द केंद्रित हो गया है, जिसे लेकर विपक्षी दल लगातार सवाल उठा रहे हैं.केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है, लेकिन बंगाल की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि



लोग जनतंत्र को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं और आने वाले चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देंगे. उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करती आई है और इस बार भी वही परंपरा जारी रहेगी. केजरीवाल के अनुसार, पूरा बंगाल जनतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को बुरी तरह हराएगा.राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केजरीवाल का यह बयान बंगाल के चुनावी समीकरणों को प्रभावित करने की कोशिश है, जहां विभिन्न दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो चुका है.

### धमकी देने वाले वीडियो की होगी जांच

**कोलकाता 26 अप्रैल.** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र में लोगों को कथित तौर पर डराने-धमकाने वाले एक वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद इस मामले में जांच के आदेश



दिए हैं.आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में डायमंड हार्बर पुलिस जिले में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है.कथित वीडियो फुटेज में मोटरसाइकिल सवार पुरुषों का एक समूह एक संकरी गली से गुजरता हुआ दिखाई दे रहा है. ये लोग वहां से गुजरते समय नारे लगाते हुए सुने जा रहे हैं। वीडियो में सुनाई देने वाले नारों में से एक है- चार तारीख के बाद खेला होबे (हम चार तारीख के बाद खेल करेंगे).यह टिप्पणी इसलिए ध्यान आकर्षित कर रही है क्योंकि राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती चार मई को होने वाली है। हालांकि यूनीवार्ता ने इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की है.राज्य की कुल 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को संपन्न हो गया था. शेष 142 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान होगा और चार मई को मतगणना होगी.

**कार्यक्रम** ▸ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवो भव होना चाहिए

# गांव के विकास का आधार है ग्राम विकास अधिकारी

**जयपुर, 26 अप्रैल. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि ग्राम विकास अधिकारी गांव के विकास का आधार है और वे केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभा रहे हैं.**

श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के अभिनन्दन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि ये अधिकारी जरूरतमंदों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाते हैं तथा ग्रामीणों के सपनों को पूरा करने में योगदान भी देते हैं. उन्होंने कहा कि



सुशासन से ही राजस्थान समृद्ध बनेगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवो भव होना चाहिए. इसी कड़ी में ग्राम विकास अधिकारी आमजन की सेवा में दिन-रात समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं.उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में बढ़ी संख्या में लाभार्थी जनकल्याणकारी एवं आधारभूत विकास की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सरकारी कार्मिकों की कार्यक्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए मिशन कर्मयोगी की शुरूआत की है. इसके जरिये कार्मिक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के सपने को पूरा कर रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में पानी एवं बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं प्रारंभ की हैं. पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम हो रहा है.

> मुख्यमंत्री भजन लाल ने कहा कहा कि राइजिंग राजस्थान ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बावा देकर उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया है. राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरी के भरपूर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन रहे हैं.मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर वीबी जी राम जी, स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं.